# रोबोटिक्स, मेडटेक व इनोवेशन लैब में निवेश चाहते हैं जापानी

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** जापानी कंपनियां यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क में निवेश को इच्छुक हैं। जापान की कंपनियों ने यहां पर रोबोटिक्स, मेडटेक व इनोवेशन लैब में निवेश में रुचि दिखाई है।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के अंतर्गत 'हेल्थकेयर और केयर इकोनामी पार्टनरशिप' विषय पर आयोजित सत्र में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित घोष ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 400 एकड़ में स्थापित किए जा रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क को मेडिकल टेक्नोलाजी से जुड़े हब के रूप में विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सत्र में निवेश, मेडिकल शिक्षा, रोबोटिक्स, फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, तकनीक और कुशल मानव संसाधन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जापान की तकनीक और प्रदेश की युवा दोनों को जोड़कर हेल्थकेयर और केयर इकानमी में बड़ा माडल तैयार किया जा सकता है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि जापानी कंपनियों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है। प्रमुख सचिव कौशल विकास डा. हरिओम ने कहा कि आइटीआइ और पालिटेक्निक संस्थानों के जरिये जापानी भाषा, केयरगिविंग और जापानी कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण दिया जा सकता है।